

सुजानपुर: महाविद्यालय सुजानपुर के विद्यार्थी एवं स्टाफ पी.एम. मोदी के खेलो इंडिया का ऑनलाइन सीधा प्रसारण देखते हुए । (अश्वनी)

# विद्यार्थियों को खेलों से जुड़ने का दिया संदेश

सुजानपुर (हमीरपुर)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर की एनएसएस इकाई और शारीरिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने वीरवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑनलाइन खेलो इंडिया युवा संबोधन कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक होने और खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर, डॉ. दीपिका खन्ना, प्रो. अरविंद, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शशि शर्मा और प्रो. निर्मला सहित विद्यार्थी एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेल, स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। संवाद